GRAND HOTEL SIMLA

1620. SHRI P. N. SOLANKI: Will the Minister of WORKS, HOUSING AND SUPPLY be pleased to state:

(a) whether there is any plan to convert Grand Hotel, Simla into a Holiday home;

(b) if so, the details thereof;

(c) the present revenue being received from the contractor; and

(d) the loss which Government would incur in case the leased portion of the Grand Hotel is turned into a holiday home?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF WORKS, HOUSING AND SUPPLY (SHRI IQBAL SINGH): (a) and (b) No.

(c) Rs. 49,812·00.

(d) Does not arise, in view of (a) above.

वृहत बम्बई भत्सा जल योजना

1621. **श्री वसवंत** : क्या **स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, एवं नगर विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने वृहत बम्बई भत्सा जल योजना का अनुमोदन कर दिया है ;

(ख) क्या इस योजना के बारे में अन्तराष्ट्रीय विकास संघ के सदस्यों ने कोई जांच की है ;

(ग) यदि हां, तो क्या उन्होंने इस बारे में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है,

(ङ) इस योजना के लिये विश्व बैंक से कितना ऋण मांगा गया है; और

(च) इस बारे में विश्व बैंक की क्या प्रतिक्रिया है ?

स्वास्थ्य, परिवार नियोजन तथा नगरीय विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (ब० सू० मूर्ति) : (क) जी हां ।

M83LSS(C.P.)/67—7.

(ख) से (च) . वृहद् बम्बई और राजधानी क्षेत्र के बाहरी क्षेत्रों में पानी की मांग, मौजूदा स्रोतों से पानी की उपलब्धिता और भत्सा प्रोजेक्ट को जलपूर्ति का स्रोत बनाने की सम्भावनाओं के बारे में एक प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने मैसर्स बिन्नी एण्ड पार्टनर्स इण्डिया (प्राइवेट) लिमिटेड को नियुक्त किया है । परामर्शदाताओं ने एक प्रारम्भिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जिस पर महाराष्ट्र सरकार अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ से परामर्श कर विचार कर रही है । पूरी रिपोर्ट सम्भवतः दिसम्बर, 1967 के अन्त तक मिल जायेगी ।

महाराष्ट्र सरकार ने राजधानी क्षेत्र की जलपूर्ति योजना के लिए अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा धन दिये जाने की सम्भावना पर अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ से कुछ प्रारम्भिक विचार विमर्श किया है । अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ ने इस विषय पर महाराष्ट्र सरकार से विचार विमर्श करने के लिए कुछ महीने पूर्व कर्मचारियों का एक दल भारत भेजा था । तदुपरान्त महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि तथा परामर्श दाता अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ से बातचीत करने के लिए अमेरिका गये ।

परामर्शदाताओं से पूरी रिपोर्ट की अभी प्रतीक्षा की जा रही है और अनेक ब्यौरो पर अभी निर्णय किया जाना है । अतः विश्व बैंक से या अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ से कितना कर्ज लेना पड़ेगा यह बतलाना सम्भव नहीं है ।

महाराष्ट्र की पीने के पानी की योजनायें

1622. **श्री वसवन्त** : क्या **स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं नगर विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पीने के पानी की सप्लाई के बारे में महाराष्ट्र सरकार ने चौथी पंचवर्षीय योजना अवधि में अब तक कितनी योजनायें प्रस्तुत की हैं और उनके नाम क्या है; और